अमर उजाला 21/09/2023

रोजगार संवर्धन पर रखे विचार

जीएमएन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद प्राचार्य व छात्र। स्रोत : संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशानुसार और प्लेसमेंट सेल की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में रोजगार संवर्धन पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा और नंदी फाउंडेशन के सहयोग से संजीव मान व मुकेश जिंदल प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। वहीं नैंसी नंदी फाउंडेशन से उपस्थित रही। कार्यशाला में संबोधित करते हुए प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित किया और छात्रों के समग्र दृष्टिकोण की दिशा में प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि कॉलेज पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देता है। इसी कड़ी में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।